Title: Reg: Construction of Renuka dam, Lakhwar dam Kishau dam and Sharda-Yamuna Link Project

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : आने वाले समय में दुनियां के साथ साथ हमारे देश में भी पानी की भारी किल्लत होने वाली है। पानी बचाने के बहुत ज्यादा संसाधन अभी तक हमारे देश में नही हैं। वैसे तो भारत सरकार पानी को बचाने पर पूरा ज़ोर दे रही है। लेकिन नदियों को आपस में जोड़ने का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। रेणुका, किसाऊ, लखवार बांधो के बनाए जाने से हिमाचल से लेकर हरियाणा-दिल्ली-राजस्थान-गुजरात-महाराष्ट्र तक पानी जाना है। लेकिन इन बांधों के काम को जितनी तेज गति से चलाना था, वो नहीं हो पाया। सभी राज्यों व केंद्र सरकार का दो बांधो के लिए MOU भी साइन हो चुके। लेकिन तीसरे बांध का काम अभी पेंडिंग है। मेरा निवेदन है कि इन प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। शारदा -यमुना नदियों को जोड़ने की घोषणा भी बहुत पहले की जा चुकी है। इसे भी जल्द पूरा किया जाए ताकि हरियाणा के हिस्से का पानी मिल सके। लखवार-किसाऊ, रेणुना बांधों का वर्तमान स्टेट्स और शारदा-यमुना का भी वर्तमान स्टेट्स दिया जाए ।